# University in News on 07 October 2021



PIONEER PAGE 3

## लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू होंगे आधे दर्जन नए कोर्स



### ● पूर्व में कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े कालेजों में संचालित कई कोर्स एलयू से बाहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** यूनिवर्सिटी में इस बार आधे दर्जन नए कोर्स की शुरुआत होगी। विवि स्तर पर यह कोर्स इसलिए शुरू किए जाएंगे क्योंकि पूर्व में कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े कालेजों को इन विषयों की मान्यता मिली हुई है और वह कोर्स संचालित भी हो रहे हैं। ऐसे में सीमा विस्तार के तहत जुड़े कालेजों की ओर से इस बाबत विवि को निर्णय लेने को कहा गया है। ताकि उनके यहां पर इन कोर्सेज के एडमिशन की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

सीमा विस्तार के तहत रायबरेली हरदोई लखीमपुर खीरी और सीतापुर के डिग्री कॉलेज लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। विस्तार में शामिल कई कॉलेजों ने कानपुर यूनिवर्सिटी से हिंदी लैग्वेज, इंग्लिश लैग्वेज, जैव प्रौद्योगिकी, औद्योगिक सूक्ष्म जैविक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन और चित्रकला जैसे कोर्सो की मान्यता ले रखी है। वर्तमान में यह कोर्स एलयू में नहीं पढ़ाए जाते है। ऐसे में कालेजों की मांग पर लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इन सभी कोर्सेज को लेकर संबंधित डिपार्टमेंट के डीन को तैयारी करने को कहा है। जिससे कॉलेजों में चल रहे कोर्स प्रभावित न हो। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेजों की ओर से इन कोर्सेज को शुरू करने का प्रस्ताव यूनिवर्सिटी को मिला है। जिसके बाद कुलपति ने सम्बन्धित संकाय को इन कोर्सेज के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके तहत इन कोर्सेज का सिलेबस तैयार करने के लिए एक्स्पर्ट टीम का एक पैनल तैयार किया जाएगा। जो न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत इन सभी कोर्सेज का सिलेबस तैयार करेंगी। साथ ही मौजूदा समय में इन कोर्सेज को संबंधित संकाय व उसके संबंधित डिपार्टमेंट की निगरानी में इन कोर्सेज का संचालन शुरू किया जाएगा।

### एलयू पीजी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत 16 कोर्सो के परिणाम जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कराई गई प्रवेश परीक्षा पीजीईटी.2021 के 16 विषयों के परिणाम बुधवार को जारी कर दिए गए हैं। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को 16 विषयों में चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची भी जारी की है। विवि प्रशासन के अनुसार इसमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, एआईएच, कम्पोजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू, ज्योतिर्विज्ञान, पापुलेशन स्टडीज, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, फिलॉसफी और एमए-एमएससी योगा विषय शामिल हैं। एक अन्य खबर के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर फुलटाइम पीएचडी प्रवेश की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर सोशल वर्क के चयनित अभ्यर्थियों की सूची बुधवार को जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को सात से 10 अक्टूबर तक अपने लॉगइन आईडी का प्रयोग करके ऑनलाइन फीस जमा करनी है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि : पीजी में 17 पाठ्यक्रमों का दाखिला परिणाम घोषित

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने 17 पीजी पाठ्यक्रमों की दाखिला परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची बुधवार को जारी कर दी। छात्र लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज से इसकी और काउंसिलिंग की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिन विषयों के चयनित छात्रों की सूची जारी की है उनमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, एआईएच, कंपोजिट हिस्ट्री व वेस्टर्न, हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू, ज्योतिर्विज्ञान, पॉपुलेशन स्टडीज, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, फिलॉसफी और एमए व एमएससी योगा शामिल हैं।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन विषयों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग सात व आठ अक्तूबर को संबंधित विभाग में होगी। छात्रों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराना होगा। छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे मूल प्रमाणपत्र व अंकपत्र लेकर संबंधित विभाग में पहुंचें। वेरिफिकेशन के बाद छात्र को फीस जमा करनी होगी। समाज कार्य विभाग के राधाकमल मुखर्जी हॉल में जाकर छात्रों को फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी। उधर, लविवि ने फुल टाइम पीएचडी के तहत सोशल वर्क में दाखिले के लिए चयनित छात्रों की सूची भी जारी कर दी है। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज से छात्र जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयनित छात्र सात से 10 अक्तूबर तक अपनी लॉगइन आईडी का प्रयोग कर फीस जमा कर सकते हैं।



### पीएचडी सोशल वर्क के चयनित छात्रों की भी विश्वविद्यालय ने जारी की सूची

HINDUSTAN PAGE 4

## 16 विषयों में पीजी प्रवेश की मेरिट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कराई गई प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी-2021) के अंतर्गत बुधवार को 16 विषयों में चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिन विषयों की मेरिट आई है, उनमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, एआईएच, कम्पोजिट हिस्ट्री/वेस्टर्न हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू, ज्योतिर्विज्ञान, पापुलेशन स्टडीज, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, फिलॉसफी, एम/एमएससी योगा शामिल हैं।

## लखनऊ विवि: पीएचडी सोशल वर्क की मेरिट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर फुलटाइम पीएचडी प्रवेश की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर सोशल वर्क के चयनित अभ्यर्थियों की सूची बुधवार को जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को सात से 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी है।

i-NEXT PAGE 2

## एलयू को शुरू करने होंगे आधा दर्जन नए कोर्स

**कानपुर यूनिवर्सिटी से आए कॉलेजों को जिन कोर्सेज की मान्यता मिली है उनमें से कई कोर्स लखनऊ यूनिवर्सिटी में नहीं हैं**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (6 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी से जुड़े चार नए जिलों के डिग्री कॉलेजों में कुछ ऐसे कोर्सेज की पढ़ाई कराई जाती है, जो लखनऊ यूनिवर्सिटी में नहीं है. ऐसे में इन कॉलेजों की ओर से यूनिवर्सिटी प्रशासन को जल्द इन कोर्सेज को लेकर निर्णय लेने को कहा गया है, ताकि उनके यहां इन कोर्सेज के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हो सके. कॉलेजों का कहना है कि उनको कानपुर यूनिवर्सिटी से जिन कोर्सेज की मान्यता थी, उन्हें एलयू को भी मानना है. ऐसे में एलयू जल्द इन कोर्सेज पर निर्णय कर कॉलेजों को राहत देने की तैयारी कर रही है.

### आधा दर्जन कोर्सेज होंगे शुरू

रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर-खीरी और सीतापुर के डिग्री कॉलेजों को एलयू से जोड़ा गया है. यहां के कई कॉलेजों ने कानपुर यूनिवर्सिटी से हिंदी भाषा, इंग्लिश भाषा, जैव प्रौद्योगिकी, औद्योगिक सूक्ष्म जैविक, कंप्यूटर एप्लीकेशन और चित्रकला जैसे कोर्स की मंजूरी ली है. ये सब्जेक्ट एलयू में नहीं पढ़ाए जाते हैं. एलयू ने इन सभी कोर्सेज को लेकर संबंधित डिपार्टमेंट के डीन को तैयारी करने को कहा है. जिसे जिन कॉलेजों में यह कोर्स चल रहे है वहां का एकेडमिक सेशन प्रभावित न हो.

CONCEPT PIC



### तैयार कराया जाएगा सिलेबस

एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेजों की ओर से इन कोर्सेज को शुरू करने का प्रस्ताव मिला है. जिसके बाद वीसी ने जिन संकाय से यह कोर्स संबंधित हैं उनको इन कोर्सेज के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है. इन कोर्सेज का सिलेबस तैयार करने के लिए एक्स्पर्ट टीम का पैनल तैयार किया जाएगा. जो न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत इन सभी कोर्सेज का सिलेबस तैयार करेंगी. मौजूदा समय में इन कोर्सेज को संबंधित संकाय व संबंधित डिपार्टमेंट की निगरानी में शुरू किया जाएगा.

> "इन कोर्सेज का सिलेबस तैयार करने के लिए एक्स्पर्ट टीम का पैनल तैयार किया जाएगा. जो न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत इन सभी कोर्सेज का सिलेबस तैयार करेंगी.
>
> **डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता, लखनऊ यूनिवर्सिटी

### 16 सब्जेक्ट की मेरिट लिस्ट जारी

**LUCKNOW (6 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए कराए गए एंट्रेंस एग्जाम के 16 विषयों का रिजल्ट जारी किया है. यूनिवर्सिटी ने बुधवार को इन 16 विषयों में चयनित कैंडीडेट्स की मेरिट सूची भी जारी की है. इसमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, एआईएच, कंपोजिट हिस्ट्री/वेस्टर्न हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू, ज्योतिर्विज्ञान, पापुलेशन स्टडीज, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, फिलॉसफी और एम/एमएससी योगा शामिल हैं.

### 8 अक्टूबर तक वेरीफिकेशन

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कैंडीडेट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर सूची देख सकते हैं. जिन विषयों की मेरिट जारी हुई है, उनमें एडमिशन के लिए काउंसिलिंग और वेरिफिकेशन गुरुवार व शुक्रवार को होगा. कैंडीडेट्स को अपने सभी मूल प्रमाणपत्र और अंकपत्र लेकर विभागों में आना है. इसके बाद कैंडीडेट्स फीस समाज कार्य विभाग के राधाकमल मुखर्जी हॉल में ऑनलाइन जमा कर सकते हैं.

### पीएचडी सोशल वर्क की मेरिट जारी

एलयू के रेगुलर फुलटाइम पीएचडी एडमिशन के लिए हुए रीटेन एग्जाम और इंटरव्यू के आधार पर चयनित कैंडीडेट्स की सूची जारी कर दी गई है. सूची यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है. चयनित कैंडीडेट्स को 7 से 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी है.